हरिभूमि
महासमुंद भूमि
रायपुर, मंगलवार 1 सितंबर 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

तापमान

अधिकतम 27.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

10 ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच एवं आवश्यक नमूना संग्रह...

10 होली फेथ स्कूल में रोचक एवं मनोरंजक खेलों का ...

हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
01 सितम्बर 2026
कूपन नं.
14

B.M. COLLEGE
(हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग से संबद्ध)
•BA •DCA
•B.Com •BCA
•BBA •PGDCA
•B.Ed. (Code-114336)
न्यूनतम फीस (किश्तों में) | स्कॉलरशिप सुविधा
गोकुल नगर, पुलगाँव, दुर्ग (छ.ग.)
9098849923, 9340311314
9303893829, 9300850065

आषाढ़ और सावन में जमकर बरसे बादल, भादो में भी हुई अच्छी शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

दो जेठ मास के कारण हुई मानसून में देरी के बाद आषाढ़ और सावन ने सराबोर करते हुए जिले भर तो तरबतर कर दिया है। आषाढ़ में शुरु हुई बारिश ने सावन के बीतने तक सावन माह में हुई बारिश का रिकार्ड तोड़ दिया। 300.9 मिमी औसत बारिश पिछले पांच सालों में सावन माह के दौरान नहीं हुई। आषाढ़ और सावन के बाद अब भादो के शुरु होते ही पांच दिनों के लिए अच्छी बारिश के आसार सामने आ चुके हैं। बता दें कि बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव के क्षेत्र के प्रभाव से शनिवार से ही दिनभर आसमान पर काले बादल छाए रहे और रुक-रुककर रिमझिम फुहारें गिरती रहीं। मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों तक प्रदेश में बारिश की गतिविधियां जारी रहने का अनुमान जताया है। सावन के अंतिम दिन राखी पर भले ही प्रदेश में बारिश का जोर थमा रहा, लेकिन भादो लगते ही मानसून ने फिर करवट ले ली है। बंगाल की खाड़ी में बने नए सिस्टम के कारण प्रदेश में बारिश का एक और दौर शुरू होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, वर्तमान में उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे लगे पश्चिम-उत्तर-पश्चिम ओडिशा तट के आसपास कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इसके साथ ही ऊपरी हवा में चक्रवाती परिसंचरण भी सक्रिय है। सिस्टम के आगे बढ़ने और मजबूत होने के साथ छत्तीसगढ़ में बारिश की गतिविधियां बढ़ सकती हैं।

अगले पांच दिनों तक प्रदेश में बारिश की गतिविधियां जारी रहने का है अनुमान

बीते 24 घंटों में 13.6 मिमी औसत बारिश

जिले में पिछले 24 घंटों में 13.6 मिमी औसत बारिश दर्ज की गयी। जिसमें कोमाखान में सबसे अधिक 17.7 मिमी, बसना में 16.7 मिमी, बागबाहरा में 15.4 मिमी, महासमुंद में 14.3 मिमी, पिथौरा में 13.9 मिमी और सबसे कम सरायपाली में 3.7 मिमी बारिश दर्ज की गयी। एक जून से अब तक जिले में कुल 1043.2 मिमी औसत बारिश हो चुकी है जो सामान्य से 130 प्रतिशत अधिक है।

सावन में जमकर बरसे बादल

इस सावन का महीना खुशनुमा बीता और जमकर बादल बरसे। मालूम हो कि इस साल 30 जुलाई को सावन का महीना शुरू हुआ और 28 अगस्त का रक्षाबंधन के दिन समाप्त हुआ। इस बीच जिले में कुल 300.9 मिमी बारिश हुई। जिससे खेत खलिहान, नदी, नाले सहित छोटे- छोटे बांधो सहित कोडार जैसे बांध भी छलक गया।वर्ष 2023 को छोड़ दें तो सावन माह के अंतराल में इतनी अधिक बारिश कभी नहीं हुई। वर्ष 2023 में दो माह का सावन था, जो 4 जुलाई से शुरू होकर 31 अगस्त तक चला। इन 59 दिनों में कुल 518.7 मिमी बारिश हुई थी।

सावन माह में बारिश पर एक नजर

वर्ष	सावन माह बारिश	(मिमी)
2026	30 जुलाई से 28 अगस्त	300 .9
2025	11 जुलाई से 9 अगस्त	213 .8
2024	22 जुलाई से 19 अगस्त	300 .8
2023	4 जुलाई से 31 अगस्त	518 .7
2022	14 जुलाई से 31 अगस्त	396 .1
2021	25 जुलाई से 22 अगस्त	153 .9

निर्माण : शहर का बीटीआई सड़क चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण का कार्य

निर्माण अवधि छह माह पहले समाप्त लेकिन, आधा काम अभी भी बाकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- सड़क चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण कार्य की धीमी रफ्तार से लोग परेशान

शहर का बीटीआई सड़क चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण कार्य अब आम लोगों के लिए सुविधा की बजाय मुसीबत का सबब बन चुका है। करीब 10 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली 2.3 किलोमीटर सड़क की निर्धारित निर्माण अवधि खत्म हुए छह माह बीत चुके और महज 50 प्रतिशत काम ही पूरा हो पाया है। कलेक्टोरेट से बरोंडा चौक तक लगभग डेढ़ किलोमीटर हिस्सा आज भी जगह-जगह गड्ढों, बिखरे पत्थरों और उबड़-खाबड़ रास्ते में तब्दील है। वहीं नाली निर्माण का काम भी अधूरा है। बारिश ने हालात और बदतर कर दिए हैं।

बता दें कि बीटीआई सड़क के चौड़ीकरण व सौंदर्यीकरण के लिए शासन ने करीब 10 करोड़ रुपए स्वीकृत किया है। निर्माण की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग को दी गई। विभाग ने मई 2025 में मेसर्स किरण बिल्डकॉन, बेमेतरा को कार्यादेश जारी किया। अनुबंध के मुताबिक फरवरी 2026 तक निर्माण पूरा होना था, लेकिन काम अब तक अधूरा है। सड़क के अधूरे हिस्से में जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। बारिश के बाद पानी भर जाने से गड्ढों की गहराई का अंदाजा लगाना भी मुश्किल हो जाता है।

दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य, लेकिन भरोसा नहीं

लोक निर्माण विभाग ने अब दिसंबर 2026 तक निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य बताया है और शासन से निर्माण अवधि बढ़ाने की मांग की है। हालांकि, जिस गति से पिछले महीनों में काम हुआ है, उसे देखते हुए दिसंबर तक काम पूरा होगा या नहीं, इसे लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। ऐसे में बीटीआई सड़क अब महज एक निर्माणाधीन सड़क नहीं रह गई है, बल्कि शहर के हजारों लोगों की रोजमर्रा की परेशानी का केंद्र बन चुकी है।

मरम्मत से हालात में सुधार नही

सड़क की बदहाली दूर करने के लिए जगह-जगह अस्थायी तौर पर गड्ढों की मरम्मत की जा रही है, लेकिन बारिश होते ही स्थिति फिर जस की तस हो जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब तक सड़क का स्थायी निर्माण पूरा नहीं होता, तब तक केवल खानापूर्ति से समस्या का समाधान नहीं होने वाला। बिखरे पत्थर, गड्ढे और कीचड़ दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। खास बात यह है कि इसी मार्ग से जिले के आला अधिकारियों से लेकर हजारों नागरिक रोजाना गुजरते हैं।

अधूरी नालियां बनीं दूसरी बड़ी मुसीबत

सड़क निर्माण के साथ नाली निर्माण भी अपूर्ण है। बिजली विभाग से कलेक्टोरेट कॉलोनी तक सड़क के एक हिस्से में बिजली विभाग, डाइट, वन विभाग और गुरु गोविंद गार्डन के आसपास नाली निर्माण नहीं हुआ है, जिससे बारिश का पानी व्यवस्थित तरीके से निकल नहीं पाने की शिकायतें लगातार मिल रही है।

गांजा सप्लायर ओडिशा से हुआ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कार से गांजा बरामद होने के मामले में पुलिस ने मुख्य सप्लायर को ओडिशा के बलांगीर से गिरफ्तार किया है। इस मामले में तीन आरोपी पूर्व में गिरफ्तार किए जा चुके हैं। बसना पुलिस ने ऑपरेशन निश्चय के तहत मात्र 24 घंटे के भीतर अंतरराज्यीय गांजा तस्करों के पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करते हुए मुख्य गांजा सप्लायर और आदतन अंतरराज्यीय तस्कर बनमाली बाघ को जिला बलांगीर (ओडिशा) से गिरफ्तार किया है। बता दें कि 30 अगस्त को बसना पुलिस ने चेक पोस्ट पर वाहन चेकिंग के दौरान कार क्रमांक सीजी 08 बीएफ 7700 से 12.260 किलो गांजा कीमत छह लाख रुपए को बरामद करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ एवं प्राप्त जानकारी का विश्लेषण, तकनीकी एवं डाटा एनालिसिस की मदद से पुलिस ने गांजा सप्लायर बनमाली बाघ पिता लंबोदर बाघ, उम्र 37 वर्ष, निवासी जोगीमुड़ा को थाना पटनागढ़ (जिला बलांगीर) पुलिस को सूचना देते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपी बनमाली बाघ को न्यायालय सरायपाली के समक्ष न्यायिक रिमांड हेतु पेश किया गया।

खबर संक्षेप

स्वाध्याय केंद्र में संगोष्ठी आज

महासमुंद। स्वाध्याय केंद्र महासमुंद के तत्वावधान में आगामी 01 सितंबर मंगलवार को सायं 6 बजे सनातन संस्कृति एवं मनु स्मृति के विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। जिसमें समाज के प्रबुद्धजन सादर आमंत्रित है। कार्यक्रम में धर्म क्षेत्र के विद्वान डॉ. दादू भाई त्रिपाठी रायपुर मुख्य वक्ता रहेंगे। नगर के प्रबुध्दजनों से उक्त कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया गया है।

जमीन बंटवारे को लेकर विवाद, महिला के घर पत्थरबाजी

महासमुंद। ग्राम घाटकछार में कोटवारी जमीन के बंटवारे विवाद में की गई पत्थरबाजी की रिपोर्ट पर सिंघोड़ा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रमिला बेताल निवासी ग्राम घाटकछार ने बताया कि 27 अगस्त की शाम 7 बजे कोटवारी जमीन के बंटवारे की बात को लेकर आरोपी अशोक बेताल एवं अरूण बेताल ने एक राय होकर घर के पास आकर दरवाजा को धक्का देकर गाली गलौज करने लगे। इसके बाद आरोपी द्वारा अपने घर से ईंट पत्थर से फेंककर मारने लगे, जिससे उसके छोटे बेटे प्रमोद बेताल के बाएं हाथ की कोहनी, घुटने के पास एवं पेट में चोट लगी है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115, 296, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

चिंगरौद में युवक के साथ मारपीट

महासमुंद। बाइक छोड़ने ग्राम चिंगरौद गए एक युवक के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को ग्राम हथखोज फिंगेश्वर निवासी युवराज निषाद ने बताया कि 29 अगस्त को वह ग्राम चिंगरौद के ओम प्रकाश की मोटर सायकल को छोड़ने गया था। जहां उसके साथ चिंगरौद के यशवंत यादव व अन्य लोगों के द्वारा गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की गई। रिपोर्ट पर पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है। चिंगरौद में ही मारपीट के दूसरे मामले में 29 अगस्त को किराना दुकान संचालक हेमलाल यादव के साथ पप्पू निषाद एवं महेंद्र पटेल के द्वारा मारपीट की गई। आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) के तहत जुर्म दर्ज किया है।

पटेवा शराब भट्टी के सामने मारपीट

महासमुंद। पटेवा शराब भट्टी के सामने कुछ लोगों के साथ हुई मारपीट के मामले में पटेवा थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि जलकी का मनोज कुमार मिर्धा अपने दामाद दामाद अमर अजगल्ले, भतीजा संदीप मिर्धा, नारायण रात्रे के साथ दामाद अमर अजगल्ले की कार से निजी काम से पटेवा आये थे। पटेवा शराब भट्टी के सामने कार खराब हो जाने से रोड किनारे कार खडी कर मैकेनिक का इंतजार कर रहे थे, उसी समय अमन देवांगन, राहुल सिन्हा एवं अन्य लोग छोटा हाथी वाहन में आए और गाड़ी को रोड में क्यों खड़ी किये हो कहते हुए गाली गलौज कर तीनों के साथ मारपीट करने लगे।

सिंघोड़ा क्षेत्र में ट्रक चालकों से अवैध डीजल खरीदी-बिक्री का मामला, दुकान-ढाबों पर कार्रवाई जारी, 60 लीटर डीजल जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

पुलिस ने ग्राम सिंघोड़ा चौक में एक दुकान पर कार्रवाई करते हुए बिना वैध दस्तावेज और सुरक्षा इंतजाम के रखे गए 60 लीटर डीजल को जब्त किया है। पुलिस ने मामले में दुकान संचालक रामेश्वर (21 वर्ष) पिता सुदाम मिरी निवासी ग्राम सिंघोड़ा को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार 29 अगस्त को थाना सिंघोड़ा में पदस्थ प्रशिक्षु उपनिरीक्षक राकेश दिव्य को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम सिंघोड़ा चौक स्थित रामेश्वर मिरी की दुकान में ज्वलनशील पदार्थ डीजल बिना सुरक्षा प्रबंध के रखा गया है। सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराने के बाद पुलिस टीम गवाह कैलाश मिरी एवं महेश मिरी को साथ लेकर मौके पर पहुंची।

एफआईआर में उल्लेख है कि जिस स्थान पर डीजल रखा गया था, वहां ज्वलनशील पदार्थ के लिए आवश्यक सुरक्षा इंतजाम और अग्निशमन उपकरण (फायर सेफ्टी उपकरण) उपलब्ध नहीं थे। पुलिस द्वारा डीजल रखने एवं भंडारण से संबंधित वैध दस्तावेज अथवा लाइसेंस प्रस्तुत करने के लिए बीएनएसएस की धारा 94 के तहत नोटिस दिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी ने अपने पास कोई वैध कागजात या लाइसेंस नहीं होना लिखित में बताया। ट्रक चालकों से कम कीमत में डीजल खरीदने की बात पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपी ने अपने कथन में बताया कि उसकी दुकान एनएच-53 सड़क किनारे स्थित है और वह सड़क से गुजरने वाले ट्रक चालकों से कम कीमत में डीजल खरीदकर रखता था तथा बाद में दूसरे ट्रक चालकों को अधिक कीमत में बेच देता था।

आरोपी ने यह भी बताया कि जिन ट्रकों और चालकों से डीजल खरीदा अथवा बेचा गया, उनकी पहचान उसके पास नहीं है। पुलिस ने बरामद डीजल को पंचों की मौजूदगी में जब्त कर कब्जे में लिया तथा कार्रवाई को ई-साक्ष्य एप्लीकेशन में अपलोड किया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को अपराध के कारणों से अवगत कराते हुए 29 अगस्त को शाम 5:10 बजे गिरफ्तार किया। एफआईआर के अनुसार, मामला अजमानतीय होने के कारण गिरफ्तारी की सूचना आरोपी के परिजनों को दी गई।

घर घुसकर बुजुर्ग महिला से अज्ञात लोगों ने की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अज्ञात लोगों द्वारा की गई मारपीट के बाद बेहोशी की हालत में ग्राम सिनोधा की एक बुजुर्ग महिला को अस्पताल पटेवा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि 30 अगस्त को प्रार्थी हुमन सिंह गोंड पिता नंदलाल गोंड (57 वर्ष) ने पटेवा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह ग्राम सिनोधा में रहने वाली मानबाई ध्रुव पति स्व. सुपेत सिंह ध्रुव उम्र लगभग 70 साल के खेत में पिछले 06 साल से किसानी का काम करता है।

वह 30 अगस्त की सुबह करीबन 06 बजे मानबाई के घर गया तो देखा कि सामने का दरवाजा और कमरे का दरवाजा खुला हुआ था, और कमरे में बिछे खाट में मानबाई बेहोशी की हालत में पड़ी हुई थी, उसके सिर में चोट का निशान दिख रहा था, जिससे खून बहा था। इसके अलावा कमरे के अंदर दो पेटी खुले हुए थे, जिसका पूरा सामान कमरे में बिखरा हुआ था। यह देख उसने तत्काल पड़ोस में रहने वाले खिलावन सिंह ध्रुव, अमन सिंह ध्रुव, पवन ध्रुव एवं अन्य लोगों को बुलाया, इसके बाद सबने मिलकर बेहोश मानबाई को इलाज के लिये एम्बुलेंस के माध्यम से पटेवा अस्पताल भिजवाया दिये। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 331(4), 309(6) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

महासमुंद शहर कांग्रेस कमेटी की हुई महत्वपूर्ण बैठक

संगठन की मजबूती और जनसमस्याओं पर हुई विस्तृत चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर कांग्रेस कमेटी की एक आवश्यक मासिक बैठक कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीष यादव के निर्देशन में शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला के नेतृत्व में संपन्न हुई। जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रभारी महामंत्री (संगठन) एवं पूर्व जिला अध्यक्ष अमरजीत चावला, पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर सहित शहर कांग्रेस कमेटी के समस्त पदाधिकारियों, वार्ड एवं बूथ प्रभारियों तथा वरिष्ठ नेतागण शामिल रहे।

बैठक के प्रमुख बिंदु एवं निर्णय आगामी चुनावों में कांग्रेस की प्रचंड विजय सुनिश्चित करने के लिए 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' के संकल्प के साथ विस्तृत रणनीति बनाई गई। इसके साथ ही संगठन के प्रभावी कार्य संचालन हेतु पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गईं एवं स्मार्ट मीटर के ख़िलाफ़ आम जन से भरवाये जा रहे फॉर्म की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में प्रदेश के वर्तमान राजनीतिक हालातों, बेतहाशा बढ़ती महंगाई, बिजली के बढ़े हुए बिलों, स्मार्ट मीटर अनियमितता और चीनी (शक्कर) के दामों में बढ़ोतरी जैसे ज्वलंत मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। शहर की बदहाल सड़कों, विशेष रूप से बीटीआई रोड एवं तुमगांव रोड की अत्यंत जर्जर स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान सरकार जनता की बुनियादी सुविधाओं और समस्याओं को लेकर बिल्कुल भी गंभीर नजर नहीं आ रही है।

बैठक को प्रमुख नेताओं ने किया संबोधित

बैठक को अमरजीत चावला, विनोद चंद्राकर, डॉ. रश्मि चंद्राकर, गुरमीत चावला, संजय शर्मा, निखिलकांत साहू, खिलावन बघेल, भरत ठाकुर नितेंद्र बैनर्जी, सोनम बंसोड, गोविंद साहू, राजू साहू सहित अनेक वरिष्ठ नेताओं ने संबोधित किया और कार्यकर्ताओं में नया उत्साह फूंका। बैठक का संचालन खिलावन बघेल तथा आभार गुरमीत चावला ने किया। बैठक में उपस्थित सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जनहित के मुद्दों पर एकजुट होकर संघर्ष करने और संगठन को धरातल पर और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

बैठक में प्रमुख रूप से अमरजीत सिंह चावला, डॉ रश्मि चंद्राकर, विनोद चंद्राकर, संजय शर्मा, निखिलकांत साहू, निर्मल जैन, मुश्ताक खान (विक्की), भरत ठाकुर, गुरप्रीत धनवा, मिंदर चावला, तुलसी साहू, गोविंद साहू, नितेंद्र बैनर्जी, सोनम बंसोड, तबरेज खान, हार्दिक सोना, जय देवांगन, गुलशन साहू, रिंकू चंद्राकर, टोमन सिंह कागजी, अनीश राजवानी, राहुल लालवानी, शहबाज राजवानी, रवि साहू, गोपी चंद तारक, राजू साहू, कविता तिवारी, दशोदा ध्रुव, दुष्यंत होता, राजेश नेताम, लीलू साहू, मोती साहू, जीवन यादव, तोषण कन्नौजे, जुगल किशोर शर्मा, सुरेंद्र सिंह ठाकुर, अब्दुल जावेद, भानु सोनी सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

वर्सी महोत्सव की तैयारी सेवादारों को दी जिम्मेदारी

रायपुर। देवपुरी स्थित पूज्य गोदड़ीवाला धाम में तीन दिवसीय 14 से 16 अक्टूबर तक गोदड़ीवाले संत बाबा हरदास राम साहेब का 35वां वर्सी महोत्सव मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम दरबार की महंत अम्मा मीरा देवी व जलगांव धाम के महंत सांई देवीदास के सानिध्य में होगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर सोमवार को कार्यकारिणी की बैठक हुई, जिसमें भारतवर्ष से अनेक संत-महात्माओं, भजन मंडलियों, बाबा भक्तों का आगमन होगा। इसके लिए उनके निवास की व्यवस्था, भंडारा साहेब, पंडाल व्यवस्था, स्टेज व्यवस्था, परिवहन, मेडिकल समेत विभिन्न प्रकार की 30 सेवाओं पर चर्चा कर महंत द्वारा सेवा सौंप दी गई है। बैठक में इंदर सचदेव, हरि इसरानी, अमर गिदवानी, सतीश थौरानी, पवन प्रीतवानी, अनिल तुलयानी, लाल खूबचंदानी, सुशील केसवानी, इंदर थौरानी, घनश्याम माखीजा, महेश हरजानी, दिलीप इसरानी, राजेश गिदवानी, ईश्वर कोडवानी, सुनील काशवानी, शिवा खूबचंदानी, निक्की जोधवानी, कमल खूबचंदानी समेत अनेक सेवादार मौजूद रहे।

गायत्री परिवारों ने किया पौधारोपण, लिया संकल्प

रायपुर। गायत्री प्रज्ञापीठ संतोषी नगर, गायत्री शक्तिपीठ दावड़ा कॉलोनी, गायत्री नवचेतना केंद्र बोरियाखुर्द ब्लॉक एवं महानगरीय गायत्री परिजनों के संयुक्त तत्वावधान में पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। इस दौरान गायत्री परिवार के सभी परिजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया तथा उनकी देखभाल का संकल्प भी लिया गया। इस अवसर पर रमेश सपहा पार्षद, सीपी साहू, लच्छू निषाद, पीके साहू, दीनानाथ साहू, संदीप साहू, नीलकंठ साहू, जगत साहू, जयप्रकाश साहू, खोमन लाल साहू आदि उपस्थित थे।

हाथकरघा कोसा एवं कॉटन वस्त्रों की प्रदर्शनी का विधायक ने किया शुभारंभ

महासमुंद। सोमवार को स्थानीय टाउन हॉल में आयोजित हाथकरघा कोसा एवं कॉटन वस्त्रों की प्रदर्शनी का विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने विधिवत फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक ने प्रदर्शनी में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया और हाथकरघा बुनकरों द्वारा तैयार किए गए आकर्षक एवं पारंपरिक वस्त्रों की सराहना की। विधायक ने कहा कि कोसा कॉटन और हाथकरघा हमारी पारंपरिक कला का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। छत्तीसगढ़ के बुनकरों द्वारा अपनी मेहनत और उत्कृष्ट कला के माध्यम से तैयार किए जाने वाले कोसा वस्त्र देश-विदेश में अपनी अलग पहचान रखते हैं। इस प्रकार की प्रदर्शनियां स्थानीय बुनकरों एवं हस्तशिल्प से जुड़े लोगों को अपनी कला और उत्पादों को प्रदर्शित करने का बेहतर मंच प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि हाथकरघा उद्योग न केवल हमारी पारंपरिक कला और संस्कृति को संरक्षित करता है, बल्कि बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराता है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा मिलने के साथ ही बुनकरों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में भी सहायता मिलती है। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राशि महिलांग, भाजपा नेता संदीप घोष, राजेंद्र चंद्राकर, आनंद गिरी उपस्थित थें।

उधारी विवाद को लेकर मारपीट, तीन गिरफ्तार

रायपुर। लेन-देन विवाद में युवक के साथ मारपीट करने वाले तीन युवकों को देवेंद्र नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवक के साथ मारपीट की घटना रविवार दोपहर 12.30 बजे की है। घटना में शामिल अन्य बदमाशों की पुलिस पतासाजी कर उनकी भी जल्द गिरफ्तारी की बात कही है। राजातालाब निवासी असजद की शिकायत पर पुलिस ने अब्दुल हकीम, सौरभ यादव उर्फ सोनू, जावेद मेमन को गिरफ्तार किया है। युवक ने पुलिस को बताया कि घटना दिनांक को उसके दोस्त हसनैन के मोबाइल पर अब्दुल हकीम का फोन आया, जिसने एक लाख रुपए की मांग की। इस पर हसनैन द्वारा उसके पूर्व में लिए गए दो लाख रुपए वापस करने की बात कही। इस पर हकीम ने दोनों को देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के सामने मिलने बुलाया। दोनों के वहां पहुंचने पर हकीम के साथ उसके दोनों साथी मौजूद थे। सभी उन पर पैसे देने दबाव बनाते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए गाली-गलौज की।

टैक्स जमा करने तीन नोटिस और जारी कर सकता है डीजीजीआई

महादेव सट्टा एप के प्रमोटरों पर कसेगा शिकंजा, जवाब नहीं दिया तो फिर नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

महादेव सट्टा एप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर, रवि उप्पल सहित जिन 97 लोगों को डायरेक्टर जनरल ऑफ जीएसटी इंटेलिजेंस (डीजीजीआई) ने नोटिस जारी किया है। उन पर डीजीजीआई आने वाले दिनों में शिकंजा कसेगा। अभी जिन लोगों को 40 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा टैक्स जमा करने नोटिस जारी किया गया है। जवाब नहीं देने पर उन्हें एक माह बाद पुनः नोटिस जारी किया जाएगा। दोबारा नोटिस जारी होने के बाद भी जबाव नहीं देने पर तीन और नोटिस जारी किए जाएंगे।

जीएसटी के जानकारों के अनुसार, किसी भी नोटिस का जवाब नहीं देने पर महादेव सट्टा एप के प्रमोटर सहित उनसे जुड़े लोगों की टैक्स की राशि में पेनाल्टी कर दोगुना कर दिया जाएगा। इस तरह महादेव सट्टा एप के प्रमोटरों के खिलाफ टैक्स की राशि बढ़कर 81 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा हो जाएगी। साथ ही उन टैक्स की राशि पर हर साल 18 प्रतिशत की दर से ब्याज जोड़ा जाएगा। डीजीजीआई ने अप्रैल 2020 से मार्च 224 के वित्तीय वर्ष में एक लाख 45 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की महादेव सट्टा एप की राशि पर 40 हजार 603 करोड़ रुपए के टैक्स निर्धारित किया है।

टैक्स जमा नहीं करने, नोटिस का जवाब नहीं देने पर पेनाल्टी सहित टैक्स की राशि दोगुनी हो जाएगी

टैक्स वसूलने के साथ कानूनी कार्रवाई

नोटिस का जवाब नहीं देने तथा टैक्स की राशि जमा नहीं करने पर डीजीजीआई महादेव सट्टा एप से जुड़े प्रमोटरों के खिलाफ कोर्ट में परिवाद दायर कर सकता है। कोर्ट के आदेश के बाद डीजीजीआई के अफसर महादेव सट्टा एप के प्रमोटरों के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराएंगे। महादेव सट्टा एप के प्रमोटरों से टैक्स की राशि वसूलने हर तरह के कानूनी प्रावधान का पालन कर टैक्स वसूली की जाएगी।

ऑनलाइन महादेव बैटिंग एप से कमाए पौने दो लाख करोड़, प्रमोटर्स को 40 हजार करोड़ का जीएसटी नोटिस

संपत्ति अटैच करने की कार्रवाई

टैक्स वसूली नहीं होने पर डीजीजीआई महादेव सट्टा एप के बैंक अकाउंट की जानकारी जुटाकर राशि फ्रीज करने की कार्रवाई करेगा। साथ ही प्रापर्टी की जानकारी जुटाकर देश के साथ विदेश में स्थायी संपत्ति की अटैच करने की कार्रवाई की जाएगी। इस तरह महादेव सट्टा एप की जांच में केंद्रीय वित्त मंत्रालय की एजेंसी की एंट्री हो गई है।

देश में अब तक का सबसे बड़ा टैक्स चोरी का नोटिस

महादेव सट्टा एप के प्रमोटरों तथा उनसे जुड़े लोगों को डीजीजीआई ने जो नोटिस जारी किया है, बताया जा रहा है कि देश में अब तक के सबसे बड़ा टैक्स चोरी का नोटिस है। जानकारों के अनुसार, इसके पूर्व इतनी बड़ी राशि का अब तक किसी को नोटिस जारी नहीं किया गया है।

अब तमिलनाडु की तर्ज पर टेट से स्थायी मुक्ति की मांग वार्षिक कैलेंडर को लेकर अड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- विभागीय स्तर पर टेट का आयोजन कराने शासन ने दिया है आश्वासन
- पाठ्यक्रम व्यवहारिक रखने व न्यूनतम उत्तीर्ण अंक 33% रखने की मांग

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सेवाकालीन शिक्षकों को टीईटी अर्हता प्राप्त करने के लिए समय-सीमा 31 अगस्त 2028 तक बढ़ाए जाने के पश्चात राज्य में शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) के आयोजन को लेकर शिक्षकों में गतिविधियां तेज हो गई हैं। तमिलनाडु विधानसभा ने 25 अगस्त 2026 को 23 अगस्त 2010 से पहले नियुक्त शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी - टेट) से स्थायी छूट देने का सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया है। अब छग के शिक्षक भी इस तरह का प्रावधान प्रदेश में लाने की मांग कर रहे हैं।

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने कहा है कि शिक्षक नई शिक्षक की सेवा प्राप्त करने के लिए टीईटी परीक्षा नहीं दिला रहे हैं। शिक्षक पहले से सेवारत हैं, उन्हें अत्यधिक दक्ष, योग्य बनाए जाने की दृष्टि से शिक्षक पात्रता परीक्षा योजना में शामिल होना है। 17 अगस्त 2012 तक छत्तीसगढ़ में टेट की आवश्यकता ही नही थी, अतः इस विषय पर छत्तीसगढ़ की सरकार विधानसभा में प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार को भेज सकती है।

पहले ही दे चुके सुझाव

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के प्रदेश संयोजक संजय शर्मा ने कहा, शिक्षक छत्तीसगढ़ सरकार के कर्मचारी हैं। राज्य शासन के कर्मचारियों के लिए वेतन संरचना से लेकर नियम, नीति, निर्देश स्पष्ट रूप से स्थानीय आधार पर पूर्व से ही प्रचलित है। ऐसी स्थिति में एनसीटीई से पत्राचार करते हुए छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा अपने कर्मचारियों की टेट परीक्षा लिया जा सकता है। अनुभवी व सेवारत शिक्षकों को दक्ष किया जा सकता है और न्यायिक और वैधानिक निर्देशों की प्रतिपूर्ति की जा सकती है। इस संबंध में एक विस्तृत सुझाव पूर्व में ही शिक्षा विभाग को दिया जा चुका है।

तैयारी के लिए मिले समय

इसके अतिरिक्त विभागीय स्तर पर टेट का आयोजन कराए जाने पर शिक्षक संघ वार्षिक कैलेंडर की मांग कर रहा है। शिक्षकों का कहना है कि बच्चों को पढ़ाने और उनकी परीक्षाएं लेने के साथ-साथ उन्हें स्वयं भी अध्ययन कार्य करना है और परीक्षा की तैयारी करनी है। ऐसे में शासन को वार्षिक कैलेंडर जारी करना चाहिए, ताकि उन्हें पर्याप्त वक्त मिल सके। छग शिक्षक संघर्ष मोर्चा के वीरेंद्र दुबे और केदार जैन ने मांग करते हुए कहा कि परीक्षा का पाठ्यक्रम व्यवहारिक एवं सेवा-अनुभव आधारित हो, जिससे शिक्षक सहज रूप से उत्तीर्ण हो सकें। परीक्षा में न्यूनतम उत्तीर्णांक 33% रखा जाए, ताकि योग्य एवं अनुभवी शिक्षक अनावश्यक रूप से अपात्र न हों।

बदलते मौसम में वायरल फीवर का अटैक... हर घर में एक बीमार, अस्पतालों में बढ़े सर्दी-बुखार के मरीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- जल्दी पीछा नहीं छोड़ रही खांसी, कमजोरी भी कर रही परेशान

लगातार बारिश और होने वाले मौसमी बदलाव के बीच वायरल फीवर का अटैक हो गया है। मौसम में सुधार नहीं होने की वजह से मौसमी बीमारी के मरीज लगभग हर घर में हैं और अस्पतालों में सर्दी-बुखार की शिकायत वाले मरीजों की संख्या काफी बढ़ गई है।

डाक्टरों की मानें तो खांसी जल्दी पीछा नहीं छोड़ रही है और कमजोरी की शिकायत काफी दिनों तक परेशान कर रही है। इस बार जोरदार बारिश हो रही है और इस मौसम में पनपने वाले वायरस भी अपनी पूरी ताकत के साथ लोगों पर हमला कर रहे हैं। लापरवाही करने वालों को वायरल फीवर के साथ कमजोरी, सिरदर्द, खांसी के साथ पेट से संबंधित समस्या हो रही है। चिकित्सकों की माने तो मौसमी बीमारी का असर लगभग सभी घरों में नजर आ रहा है और सरकारी अस्पतालों के साथ प्रायवेट क्लीनिक में भी मरीजों की खासी भीड़ है। वायरस का असर इस बार लोगों को ज्यादा कमजोर कर रहा है और ठीक

होने के लिए आठ से दस दिन का वक्त लग रहा है। इतना ही नहीं, बुखार तो दवा लेने के बाद ठीक हो जा रहा है, मगर खांसी और कमजोरी काफी समय तक परेशानी का कारण बने हुए हैं। लोगों को इस तरह की शारीरिक समस्या से निपटने के लिए एंटीबायोटिक दवाओं का सहारा लेना पड़ रहा है।

स्वाइन फ्लू, कोरोना का डर

इस मौसम में प्रदेश में स्वाइन फ्लू के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। खासकर राजधानी रायपुर में बड़ी संख्या में संक्रमित मरीजों का पता चला है। निजी अस्पताल में इलाज के बाद लोग ठीक हो रहे हैं। वहीं कोरोना के दो मामले भी पिछले दिनों सामने आ चुके हैं। विभागीय अधिकारियों का दावा है कि दोनों खतरनाक वायरस अभी नियंत्रण की स्थिति में हैं, मगर इससे बचाव के लिए सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

बारिश की मौसम में सावधानी बरतें

1. पीने का पानी उबालकर अथवा अच्छी तरह फिल्टर कर उपयोग करें।
2. बारिश में ज्यादा भीगने से बचें और गीले कपड़ों का उपयोग न करें।
3. बारिश में मौसम में मच्छर पनपते हैं, इससे बचाव के तरीके अपनाएं।
4. संक्रमण से बचाव के लिए सोशल डिस्टेंस का पालन करें, मास्क का उपयोग करें।
5. खानपान में सावधानी बरतते हुए गर्म खाने का सेवन करें, बाहर खाने से बचें।

खानपान का विशेष ध्यान रखने की जरूरत

शिशुरोग विशेषज्ञ डा. निलय मोझरकर ने बताया कि बारिश के मौसम में विभिन्न तरह के वायरस सक्रिय होकर लोगों को अपना शिकार बनाते हैं। अभी मौसमी बीमारी की शिकायत काफी बढ़ी हुई है, खासकर छोटे बच्चों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। मौसमी बीमारी से पीड़ितों की संख्या इन दिनों अस्पतालों में बढ़ी हुई है। इस मौसम में खानपान में विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

कहानी के माध्यम से छात्र-छात्राओं को दी गई मध्यस्थता व लोक अदालत के बारे में जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के तत्वावधान में प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी द्वारा मौहारी भाठा स्थित प्री मैट्रिक आदिवासी बालिका छात्रावास एवं प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास पहुंचकर उपस्थित छात्र-छात्राओं को कानून के विभिन्न विषयों एवं पहलुओं पर आधारित सरल कानूनी शिक्षा के माध्यम से जानकारी दी गई। उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं को सरल कहानी के माध्यम से कानूनी जानकारी देते हुए आगामी 12 सितंबर शनिवार को आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार 12 सितंबर 2026 को संपूर्ण देश में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। यह वर्ष 2026 का तृतीय नेशनल लोक अदालत है। न्यायालयों में बड़ी संख्या में लंबित प्रकरणों में कमी लाने के उद्देश्य से तथा प्रभावित पक्षकारों को त्वरित एवं सुलभ न्याय प्रदान करने की दिशा में नेशनल लोक अदालत एक प्रभावशली कदम है। जिसके लिए जिला न्यायालय महासमुंद तथा तालुका स्थित सभी न्यायालयों में यह आयोजन किया जाता है। इसके अलावा आप अपने लंबित प्रकरणों का मध्यस्थता के माध्यम से भी सुलह एवं समझौते के आधार पर प्रकरण का निराकरण कराया जा सकता है। उन्होंने आगे यह भी बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का मुख्य फायदा यह है कि इसमें मुकदमों का फैसला आपसी समझौते और बिना किसी कोर्ट फीस के बहुत जल्दी हो जाता है। यह निशुल्क न्याय है, इसमें कोई कोर्ट फीस नहीं लगती है। त्वरित न्याय मामलों का निपटारा बिना लंबी सुनवाई के एक ही दिन में हो जाता है। लोक अदालत का फैसला अंतिम होता है और दोनों पक्षों पर बाध्य होता है। इसके फैसले के खिलाफ आगे अपील नहीं की जा सकती, जिससे विवाद हमेशा के लिए खत्म हो जाता है। दोनों पक्षों को न्यायाधीश के सामने अपनी बात खुलकर रखने का सीधा मौका मिलता है और आपसी सहमति से समझौता होने के कारण दोनों पक्षों के बीच की कटुता मिटती है और आपसी संबंध सुधरते हैं। इस अवसर पर छात्रावास अधीक्षक, अधिकार मित्र हरिचंद साहू, प्रियतोष साहू, आरक्षक विनोद सिदार, जयशंकर सहित छात्रावास के स्टाफगण उपस्थित थे।

होटल के सेल्समैन पर चाकू से हमला, मोबाइल लूटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

होटल के सेल्समैन पर बाइक सवार दो बदमाशों ने चाकू से हमला कर मोबाइल लूट लिया। होटल मैनेजर की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। घटना लभांडी बस स्टॉप के पास शनिवार रात पौने 10 बजे की है। हल्दीराम आउटलेट के मैनेजर यूनुस जाल ने थाने में लूट की शिकायत दर्ज कराई है। होटल मैनेजर ने पुलिस को बताया कि उनके यहां सेल्समैन का काम करने वाला धरमवीर साहू होटल में खाना खाने के बाद अपने घर जा रहा था। लभांडी जाने वाले सर्विस रोड के पास जोरा की ओर से बाइक सवार दो युवक होटल के सेल्समैन के करीब पहुंचे। दोनों ने युवक से भनपुरी जाने का रास्ता पूछे। इस दौरान एक बदमाश ने धरमवीर के हाथ से मोबाइल छीनने कोशिश की। इस पर वह घबराकर भागने लगा। इस दौरान बाइक के पीछे बैठे बदमाश ने जेब से चाकू निकालकर धरमवीर की भुजा, पेट तथा पीठ पर वार किया और उसके हाथ से मोबाइल लूटकर मैग्नेटो मॉल की ओर भाग गए। घटना के बाद सेल्समैन ने वापस होटल लौटकर मैनेजर को घटना की जानकारी दी।

धरोहरों को संभालने की जिम्मेदारी हम सब की : विनोद चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

भारतीय सांस्कृतिक निधि इंटैक के विरासत, शिक्षा और संचार सेवा प्रभाग नई दिल्ली एवं महासमुंद अध्याय के तत्वावधान में 30 अगस्त को स्थानीय वनरक्षक प्रशिक्षण केंद्र के व्याख्यान कक्ष में राष्ट्रीय विरासत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता-2026 का आयोजन हुआ। जिसमें नगर स्थित 8 विद्यालयों के 78 विद्यार्थी शामिल हुए। स्थानीय शिशु संस्कार विद्यालय के मोहित पटेल व ईशभ देवांगन की टीम प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए पात्रता हासिल की। द्वितीय स्थान पर चंद्रोदय पब्लिक स्कूल के जाह्नवी भार्गव व प्रियंका तंबोली की टीम एवं तृतीय स्थान शिशु संस्कार केंद्र के लक्ष्य देवांगन व चुड़ामणि यादव की टीम ने अपना नाम किया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि पूर्व संसदीय सचिव छग शासन एवं इंटैक के आजीवन सदस्य विनोद सेवनलाल चंद्राकर थे।

इस अवसर पर उन्होंने संबोधित करते हुए स्कूली बच्चों को अपनी विरासतों के संरक्षण हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हमारा देश वास्तुकला, प्राकृतिक व मूर्त-अमूर्त सांस्कृतिक विरासतों से सम्पन्न है। इंटैक इन विरासतों के संरक्षण व संवर्धन का उत्कृष्ठ केंद्र है। विभिन्न आयोजनों के माध्यम से धरोहर संरक्षण के लिए कार्यरत है। इन धरोहरों को संभालने की जिम्मेदारी हम सबकी है। वृक्षों का संरक्षण, नदी-नालों की स्वच्छता, योग-प्राणायाम को जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाने के लिए बच्चों को प्रेरित किया। प्रतियोगिता में शामिल विद्यार्थियों को राज्य अध्याय एवं राष्ट्रीय स्तर पर बतौर विजेता टीम अपने विद्यालय व महासमुंद नगर का परचम लहराने की शुभकामनाएं दी। सेवानिवृत प्राचार्य मानकलाल चंद्राकर ने अध्यक्षकीय उद्बोधन में इंटैक की बारीकियों से अवगत कराया। महासमुंद अध्याय के संयोजक दाऊलाल चंद्राकर ने स्वागत भाषण में महासमुंद अध्याय की गतिविधियों को सविस्तार बताया। विशेष अतिथि पूर्व पार्षद शोभा शर्मा थीं। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा प्रथम, द्वितीय व तृतीय विजेता टीम को स्मृति चिन्ह व सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। प्राचार्य देवसंस्कृति विद्यालय कुबेर गिरी गोस्वामी, प्रभारी शिक्षक लोकेश्वर चंद्राकर, उपप्राचार्य सेजेस अंग्रेजी माध्यम प्रमोद कन्नौजे, प्रभारी शिक्षक शिशु संस्कार केंद्र डीपी साहू, अमन साहू वृंदावन विद्यालय, दीपक ठाकुर चंद्रोदय पब्लिक स्कूल, भोजेश्वरी ठाकुर सेजेस उत्कृष्ट हिंदी माध्यम, नंदकुमार साहू महर्षि विद्या मंदिर, चंचल कौशिक शाडीएस उमावि, दंडेश्वर दुबे उप वन परिक्षेत्र अधिकारी, यशवंत चौधरी संयोजक सरायपाली, रघुनाथ सिन्हा, मानक नामदेव आजीवन सदस्य को प्रतियोगिता में उत्कृष्ठ योगदान के लिए गमछा व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर जीवन दायिनी वृक्ष प्रतियोगिता के क्षेत्रीय राष्ट्रीय स्तर पर महर्षि विद्यालय के छात्र हितेश यादव को क्षेत्रीय विजेता अलंकरण एवं सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उप वन क्षेत्रपाल राजीव गौतम, तृप्ति खरे, पीएचडी छात्रा मूर्तिकला राजकुमारी इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ व पालकों की उपस्थिति रही। संचालन यशवंत चौधरी एवं आभार प्रदर्शन राजेश्वर खरे को कन्विनर महासमुंद अध्याय ने किया।

खबर संक्षेप

स्ट्रीट फूड वेंडर्स का निःशुल्क फॉस्टैक प्रशिक्षण आज

सरायपाली। खाद्य एवं औषधि प्रशासन के संचालक के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम, 2006 एवं विनियम, 2011 के प्रावधानों के अनुसार समस्त खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य व्यापार को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए फॉस्टैक प्रशिक्षण का आयोजन नेस्ले एवं नासवी के सौजन्य किया जा रहा है।
इस संबंध में खाद्य सुरक्षा अधिकारी शंखनाद भोई ने बताया कि फुटपाथ व सड़क किनारे खाद्य का व्यापार करने वाले समस्त स्ट्रीट फूड वेंडर्स, खाद्य पदार्थों का व्यापार करने वाले जैसे चाय-नास्ता-भोजन ठेला/टपरी/खोमचा, जलेबी/पकौड़ा/भजिया विक्रेता, चाट-गुपचुप-इडली डोसा विक्रेता, भुंजा-फल्लीदाना विक्रेता, जूस/लस्सी/शेक विक्रेता, फास्ट फूड/मोमोज चाईनीज वेंडर, मोबाइल आइसक्रीम फलूदा एवं अन्य वेंडर्स आदि) को निःशुल्क फॉस्टैक प्रशिक्षण दिया जाना है। जिसके लिए खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा सरायपाली, नगर के पुखराज इन बस स्टैंड में समस्त स्ट्रीट फूड वेंडर्स के लिये निःशुल्क प्रशिक्षण का सफल एवं सुगम आयोजन 01 सितंबर सुबह 10 बजे से किया जाना है।

अभियान : बिजली विभाग से स्मार्ट मीटर हटाकर पुराने लगाए जाने की मांग

स्मार्ट मीटर के बढ़ते बिजली बिल के विरोध में कांग्रेस का अभियान, आम उपभोक्ताओं से लिए गए आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बागबाहरा

स्मार्ट मीटर के कारण बिजली बिल बढ़ने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने बागबाहरा में प्रभावित बिजली उपभोक्ताओं से आवेदन लेने का अभियान चलाया। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं विधायक द्वारिकाधीश यादव के नेतृत्व में सोमवार सुबह 8 बजे बिरनापारा के वार्ड क्रमांक 8 में अभियान आयोजित किया गया। इस दौरान वार्ड क्रमांक 8 और 9 के स्मार्ट मीटर से प्रभावित बताए जा रहे बिजली उपभोक्ताओं ने आवेदन भरकर बिजली विभाग से स्मार्ट मीटर हटाकर पुराने मीटर लगाए जाने की मांग की।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष यादव ने कहा कि स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद कई उपभोक्ताओं के बिजली बिल में बढ़ोतरी की शिकायतें सामने आ रही हैं। इसी मुद्दे को लेकर पार्टी की ओर से प्रभावित उपभोक्ताओं से आवेदन लिए जा रहे हैं, ताकि उनकी शिकायतों और मांगों को बिजली विभाग के समक्ष रखा जा सके। उन्होंने कहा कि जिन उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर लगने के बाद अधिक बिजली बिल आने की शिकायत है, उनके मामलों की जांच की जाए। साथ ही स्मार्ट मीटर को हटाकर पूर्व की व्यवस्था के अनुसार पुराने मीटर लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि बिजली उपभोक्ताओं को अनावश्यक रूप से बढ़े हुए बिल का सामना नहीं करना पड़े, इसके लिए विभाग को उपभोक्ताओं की शिकायतों का निराकरण करना चाहिए। अभियान में पहुंचे लोगों ने अपने-अपने आवेदन में बिजली बिल और स्मार्ट मीटर से संबंधित समस्याओं का उल्लेख किया। बिरनापारा में आयोजित अभियान में वार्ड क्रमांक 8 एवं वार्ड क्रमांक 9 के कई बिजली उपभोक्ता पहुंचे। उपभोक्ताओं ने स्मार्ट मीटर से संबंधित अपनी शिकायतें बताते हुए आवेदन जमा किए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उपभोक्ताओं की समस्याओं को दर्ज किया और उनके आवेदन एकत्र किए। जिलाध्यक्ष यादव ने कहा कि यह अभियान केवल एक क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि स्मार्ट मीटर से प्रभावित उपभोक्ताओं की समस्याओं को सामने लाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। आवेदन के माध्यम से बिजली विभाग तक उपभोक्ताओं की शिकायत पहुंचाने और समाधान की मांग की जाएगी। यादव ने कहा कि स्मार्ट मीटर को लेकर प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों में बिजली उपभोक्ताओं की ओर से बिल बढ़ने सहित विभिन्न शिकायतें सामने आ रही है। बागबाहरा में भी कांग्रेस ने इसी मुद्दे को लेकर प्रभावित उपभोक्ताओं को एकजुट कर आवेदन लेने की पहल की है। अभियान के दौरान खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल, लखबीर सिंह छाबड़ा, देवेश साहू, गणेश शर्मा, अशोक अग्रवाल, पंकज हरपाल, दुर्गा सागर, भुरू, राजेश सोनी, मंताराम यादव, मिथुन अमीर, मेनका साहू, पोखराज साहू, गिरीश पटेल, मोनू मयंक शर्मा, पंचराम यादव, दुर्गा जगत, जुली पांडे, किशोर दीप, महेश, बृजदीप, शंकर तांडी, लुदरो बघेल, रामेश्वरी तांडी, राजू जगत, हितेश खरे और मोहन बांधे सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

1993 मैट्रिक बैच ने किया मिलन समारोह का आयोजन, 33 साल बाद फिर साथ बैठे गुरु-शिष्य

नर्रा। खरियार रोड में रविवार को 1993 मैट्रिक बैच के मिलन समारोह का आयोजन किया गया। तीन दशक से अधिक समय बाद स्कूल के पुराने साथी और उन्हें पढ़ाने वाले गुरुजन एक ही छत के नीचे फिर से मिले। शाम करीब चार बजे मां सरस्वती की पूजा-अर्चना और वंदे मातरम के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। राकेश शर्मा ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शिक्षक अब्दुल रकीब, जोबन सलमा, गणेशी गुप्ता, ओम प्रकाश साहू, संजय पंडा समेत उस दौर के कई शिक्षक-शिक्षिकाएं अतिथि के रूप में विराजमान रहे। पूर्व छात्र-छात्राओं ने अपने गुरुजनों का शाल, श्रीफल और गमछा भेंट कर सम्मान किया। वर्षों बाद अपने विद्यार्थियों से इस तरह सम्मान पाकर कई शिक्षक भावुक नजर आए। अपने संबोधन में शिक्षकों ने वर्तमान शिक्षा व्यवस्था को लेकर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि पहले बच्चों में पढ़ाई को लेकर जिम्मेदारी का भाव अधिक दिखाई देता था। वर्तमान में नौवीं कक्षा तक फेल न करने की व्यवस्था और विद्यार्थियों को दंडित करने पर रोक जैसे बदलावों के कारण अनुशासन और पढ़ाई के प्रति गंभीरता में कमी महसूस हो रही है एवं बच्चों का शैक्षणिक आधार मजबूत नहीं हो पा रहा है। कार्यक्रम में मौजूद पूर्व छात्र-छात्राओं ने अपना-अपना परिचय दिया। कई पुराने मित्र 33 वर्षों बाद एक-दूसरे से मिल रहे थे। कार्यक्रम में शामिल होने रायपुर, भिलाई, महासमुंद, चांपा से भी लोग पहुंचे थे। पुरानी यादों को लेकर खूब हंसी-मजाक हुआ। गीत-संगीत की प्रस्तुति के लिए विशेष रूप से रागा म्यूजिकल ग्रुप को आमंत्रित किया गया था। पूर्व छात्र-छात्राओं ने भी मंच संभाला और गीत सुनाकर खूब तालियां बटोरीं। गीतों की ऐसी शानदार प्रस्तुति दी गई कि यार दोस्त थिरक उठे। मनोरंजन के लिए अंताक्षरी और म्यूजिकल चेयर जैसे खेल भी आयोजित किए गए। यह कार्यक्रम नगर के सभी स्कूलों के 1993 मैट्रिक बैच के छात्र छात्राओं ने मिलकर किया था। श्रुति वाजपेयी और प्रमिला कुंडा ने कार्यक्रम का संचालन किया। मनोज अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

सेवानिवृत्ति पर किया गया साहू का सम्मान

महासमुंद। जिला व्यापार उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक मोहनलाल साहू को सेवानिवृत्त होने पर बिरकोनी औद्योगिक क्षेत्र के अध्यक्ष जितेंद्र चंद्राकर, कैलाश राठी, दयालु चंद्राकर, सुमन राय एवं अन्य उद्योगपतियों ने उपस्थित होकर शॉल एवं पौधे देकर सम्मानित किया।

महतारी वंदन योजना से गीतांजलि के सपनों को मिली नई उड़ान

महासमुंद। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में संचालित महतारी वंदन योजना प्रदेश की महिलाओं के जीवन में आर्थिक संबल को मजबूत कर रही है। इसी क्रम में जिले के सरायपाली विकासखंड के ग्राम डुमरपाली निवासी गीतांजलि ने महतारी वंदन योजना से मिलने वाली सहायता राशि को बचाकर आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ाया। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से होने के कारण उनका बुनकरी का काम शुरू करने का सपना अधूरा था। योजना की राशि से बचत कर उन्होंने बुनकर मशीन खरीदी और सूती साड़ियों का निर्माण शुरू किया। आज बुनकरी का यह कार्य उनके लिए छोटे व्यवसाय का रूप ले चुका है, जिससे उन्हें लगभग 5 हजार रुपये प्रतिमाह की आय हो रही है। इससे परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार आने के साथ ही उनके आत्मविश्वास में भी वृद्धि हुई है। गीतांजली बताती हैं कि महतारी वंदन योजना ने उन्हें अपने पैरों पर खड़े होने का अवसर दिया है। वे भविष्य में अपने व्यवसाय का विस्तार करना चाहती हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को स्नेहपूर्वक "विष्णु भैया" कहते हुए उन्होंने योजना के लिए मुख्यमंत्री और राज्य शासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

महतारी वंदन से मिला संबल, सिलाई मशीन ने दिखाई आत्मनिर्भरता की राह

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

महतारी वंदन योजना ने प्रदेश की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ उन्हें आत्मनिर्भरता की नई राह दिखाई है। महासमुंद शहर के वार्ड नंबर 11 की हितग्राही सीता वर्मा की कहानी भी इसी बदलाव का उदाहरण है। योजना के तहत उन्हें अब तक 31वीं किश्त प्राप्त हो चुकी है और नियमित रूप से मिलने वाली आर्थिक सहायता ने उनके परिवार की मुश्किलों को आसान करने में विशेष भूमिका निभाई है।

सीता वर्मा बताती हैं कि उनके परिवार में 11 सदस्य हैं। परिवार की जिम्मेदारियों के बीच आजीविका चलाना चुनौतीपूर्ण था। ऐसे समय में महतारी वंदन योजना के तहत मिलने वाली नियमित राशि उनके लिए बड़ा सहारा बनी। उन्होंने इस राशि का उपयोग अपनी आजीविका को मजबूत करने के उद्देश्य से सिलाई मशीन खरीदने में किया। सिलाई मशीन मिलने के बाद उन्होंने घर से ही सिलाई का काम शुरू किया। धीरे-धीरे काम मिलने लगा और इससे उनकी आय का नया स्रोत तैयार हुआ। अब वे अपने हुनर के जरिए परिवार की आर्थिक जरूरतों में योगदान दे रही हैं। सीता कहती हैं कि योजना से मिली सहायता ने उन्हें केवल आर्थिक संबल ही नहीं दिया, बल्कि अपने पैरों पर खड़े होने का आत्मविश्वास भी दिया है। उन्होंने बताया कि पहले परिवार की जरूरतों को पूरा करने के लिए कर्ज लेने की चिंता बनी रहती थी, लेकिन नियमित आर्थिक सहायता और सिलाई के काम से होने वाली आय ने उनकी मुश्किलों को काफी हद तक कम कर दिया है। आज वे स्वयं को आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ता हुआ महसूस कर रही हैं। सीता वर्मा ने महतारी वंदन योजना के माध्यम से महिलाओं को निरंतर आर्थिक संबल देने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया।

- नियमित आर्थिक सहायता से सीता वर्मा ने संवारी आजीविका, परिवार की जिम्मेदारियों में बनीं मजबूत सहारा

उन्होंने कहा कि "विष्णु भैया जिस तरह परिवार के बड़े भाई की तरह महिलाओं की चिंता कर रहे हैं और नियमित किश्त दे रहे हैं, उससे हम जैसी महिलाओं की मुश्किलें आसान हुई हैं। अब हम भी अपने परिवार की जिम्मेदारियों को मजबूती से निभा पा रहे हैं।

आज दशगात्र

नम नयन शोक हृदय से आपको सुचित कर रहें है, कि, मेरे पुत्र **पूर्व चंद्राकर** का स्वर्गवास दिनाँक 24/08/2026, दिन सोमवार को हो गया है। अतः आप सह-परिवार सम्मिलित होकर पुण्यात्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करें...

पूर्व चंद्राकर
जन्म : 17.10.2009
स्वर्गवासः 24.08.2026

दशगात्र कार्यक्रम
दिनांक : 01.09.2026 मंगलवार
स्थल - नारा (भानसोज), जिला-रायपुर
टीप :- तालाब का कार्यक्रम दोपहर 01 बजे तक सम्पन्न होगा।

॥ शोकाकुल परिवार ॥
लक्ष्मीनारायण, रामेश्वर, लक्ष्यकुमार, राधेश्याम, बालाराम गोवर्धन, गिरधारी, कमलेश, शंकर, सीताराम, शिव, शीतलाल नारद, पुरुषोत्तम, मनोज, ध्रुव, प्रहलाद, पन्नू, छन्नू, नवीन सुजीत, आदित्य, संजय, गगन, शशांक, मनोज, कुंती, सरस्वती ऐना, चंद्रहास, सुभाष, हिरेश, दयाराम, हेमंत, प्रेमनाथ जगदीश, राजकुमार, कैलाश, अजय, खिलेश भव्य,आद्विक, पोमेश, ईशांत, पोमी,आदयांश, पार्थ व समस्त चंद्राकर परिवार...

॥ शोकाकुल ॥
श्रीमती कविता-घनश्याम चंद्राकर (बुआ-फुफा), श्रीमती देहुती-स्व. चन्द्रिका चंद्राकर (बुआ-फुफा), श्रीमती नितु-स्व. पुरुषोत्तम चंद्राकर (बुआ-फुफा)

॥ विनीत ॥
डॉ. घनश्याम-रश्मि चंद्राकर (अरण्ड वाले) (पापा-माँ), श्री सालिकराम-इन्द्राणी चंद्राकर (बडेपापा-बडीमाँ), श्री नितीश-शैल चंद्राकर (भैय्या-भाभी), प्रवीण चंद्राकर (भैय्या), विवेक चंद्राकर (भैय्या), ओषी चंद्राकर (दीदी), पूर्वाश चंद्राकर (भतीजा), मो.9713060700,96176144409 7544-27516

नोट : जिन स्नेहीजनों को शोकपत्र न मिला हो इसे ही आमंत्रण स्वीकार करें।

विधायक ने किया कोसा, सूती वस्त्र प्रदर्शनी का शुभारंभ

महासमुंद। स्थानीय टाउन हॉल में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने ग्राम उद्योग संचनालय रायपुर प्रभाग द्वारा प्रायोजित हाथकरघा कोसा एवं सूती वस्त्र प्रदर्शनी सह विक्रय का शुभारंभ फीता काटकर किया। इस मौके पर उन्होंने आयोजकों एवं प्रदर्शनी में शामिल विक्रेताओं को बधाई दी। कार्यक्रम में उपसंचालक जिला हाथकरघा अनिल सोम ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि प्रदर्शनी टाउन हॉल में 6 सितंबर तक लगेगी। यहां प्रदेश के बुनकरों द्वारा निर्मित कोसा एवं सूती वस्त्रों की व्यापक रेंज उपलब्ध है। इस प्रदर्शनी में जांजगीर चांपा, सक्ति, कोरबा, रायगढ़ के बुनकरों द्वारा आकर्षक कोसा साड़ी, कोसा जैकेट, शर्टिंग, ड्रेस मटेरियल शाल, सलवार सूट इत्यादि विक्रय किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नगर पालिका उपाध्यक्ष देवचंद राठी, पूर्व पार्षद राजेंद्र चंद्राकर, संदीप घोष आदि मौजूद थे।

विभिन्न आयु वर्गों की जिला क्रिकेट टीम के चयन के लिए ट्रायल 6 को

महासमुंद। जिला क्रिकेट संघ द्वारा आगामी क्रिकेट सत्र के लिए विभिन्न आयु वर्गों की जिला क्रिकेट टीम के चयन हेतु जिला स्तरीय चयन ट्रायल आयोजित किए जा रहे हैं। 30 अगस्त को अत्यधिक बारिश के कारण अंडर-14 एवं अंडर-19 वर्ग का निर्धारित चयन ट्रायल स्थगित कर दिया गया था, जिसका आयोजन अब 6 सितंबर 2026 (रविवार) को किया जाएगा। चयन ट्रायल सुबह 9:30 बजे से मिनी स्टेडियम में आयोजित होगा। अंडर-14 वर्ग में 1 सितंबर 2012 से 31 अगस्त 2014 तक जन्मे खिलाड़ी पात्र होंगे, जबकि अंडर-19 वर्ग में 1 सितंबर 2008 के बाद जन्मे खिलाड़ी निर्धारित पात्रता के अनुसार चयन प्रक्रिया में शामिल हो सकेंगे। इसी क्रम में अंडर-16, अंडर-23 एवं सीनियर वर्ग के खिलाड़ियों का चयन ट्रायल 13 सितंबर 2026 (रविवार) को आयोजित किया जाएगा। अंडर-16 वर्ग के लिए 1 सितंबर 2011 से 31 अगस्त 2013 तक जन्मे, अंडर-23 वर्ग के लिए 1 सितंबर 2004 से 31 अगस्त 2008 तक जन्मे खिलाड़ी पात्र होंगे। वहीं सीनियर वर्ग में 35 वर्ष से कम आयु के खिलाड़ी चयन ट्रायल में शामिल हो सकेंगे। चयन ट्रायल में शामिल होने वाले सभी खिलाड़ियों के लिए पंजीयन कराना अनिवार्य होगा साथ ही खिलाड़ियों को स्वयं के किट के साथ सफेद कपड़े में उपस्थित होना है। ट्रायल के दिन किसी भी खिलाड़ी का पंजीयन नहीं किया जाएगा। पंजीयन के लिए खिलाड़ियों को दो नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो, पिछले छह वर्षों की मूल अंकसूची, डिजिटल एवं मैनुअल जन्म प्रमाणपत्र तथा पीवीसी आधार कार्ड की मूल प्रति साथ लाना अनिवार्य होगा। चयन ट्रायल एवं पंजीयन से संबंधित अधिक जानकारी के लिए तृपेश साहू, आलोक द्विवेदी, राजेश चौधरी एवं अनुरोध शर्मा से संपर्क किया जा सकता है।

अंतरराष्ट्रीय साक्षरता सप्ताह एवं साक्षरता पखवाड़ा के तहत 1 से 15 सितंबर तक होंगे विविध कार्यक्रम

महासमुंद। कलेक्टर एवं अध्यक्ष, जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण विनय कुमार लंगेह तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं उपाध्यक्ष, जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण अनुपमा आनंद के मार्गदर्शन में जिले में 1 से 15 सितंबर 2026 तक अंतरराष्ट्रीय साक्षरता सप्ताह एवं साक्षरता पखवाड़ा के अंतर्गत विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग रायपुर से प्राप्त निर्देशों के अनुसार पूरे देश में उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। सभी के लिए शिक्षा पर केन्द्रित इस कार्यक्रम को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप भारत सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य जन-जन को साक्षर बनाना तथा 15 वर्ष से अधिक आयु के उन वयस्कों को शिक्षा से जोड़कर सशक्त बनाना है, जिन्होंने स्कूली शिक्षा प्राप्त नहीं की है। भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय द्वारा 8 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के उपलक्ष्य में 1 से 15 सितंबर तक देशव्यापी साक्षरता पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान जिले के सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा प्रत्येक दिवस की गतिविधियों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों एवं संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं। साक्षरता पखवाड़े के प्रथम दिवस 1 सितंबर को जिला, विकासखंड, ग्राम पंचायत एवं वार्ड स्तर के समस्त शासकीय कार्यालयों, स्कूलों एवं कॉलेजों में उल्लास शपथ एवं नारा लेखन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। इसके बाद ग्राम पंचायत एवं शहरी वार्ड स्तर पर 15 वर्ष से अधिक आयु के असाक्षरों एवं स्वयंसेवी शिक्षकों की पहचान के लिए घर-घर सर्वेक्षण किया जाएगा।

- उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के माध्यम से 15 वर्ष से अधिक आयु के असाक्षरों को किया जाएगा सशक्त

HEALTH TOWN

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
- गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
- एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
- सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
- बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
- आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
- TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
- मूत्र रोग एवं सर्जरी
- किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
- प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
- यौन संबंधी समस्याएं
- महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

पाइल्स
पाइल्स का इलाज, एक लेप, द्वारा मस्से को गला कर जड़ से इलाज किया जाता है।
समय : सुबह 9.30 से रात 8.00 बजे तक
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(25 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
9039050422, 9179455561
सरस्वती दाल मिल के सामने, गली नं. 3, अशोक विहार, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, फाफाडीह मेन रोड, रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप

बहुला चतुर्थी का व्रत महिलाओं ने रखा

महासमुंद। ग्राम खरोरा के राम मंदिर में बहुला चतुर्थी व्रत रखकर महिलाओं ने पूजा अर्चना की। हर साल बहुला चतुर्थी भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि के दिन मनाया जाता है। इस अवसर पर गौ माता और भगवान गणेश की पूजा-अर्चना करने का विशेष महत्व है। बहुला चतुर्थी का व्रत महिलाओं ने संतान की लंबी आयु, अच्छे स्वास्थ्य और परिवार में सुख-शांति के लिए रखते हैं। इस दिन रात में चंद्र दर्शन और चंद्रमा को अर्घ्य देने के बाद ही व्रत का पारण किया जाता है। इस अवसर पर राधिका वैष्णव, हिरेंद वैष्णव, ममता चंद्राकर, लता वैष्णव, कल्याणी चंद्राकर, लता चंद्राकर, रेणुका चंद्राकर, पूनम चंद्राकर आदि उपस्थित रहे।

वेडनर स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया राखी उत्सव

महासमुंद। वेडनर मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में रक्षाबंधन पर्व पर राखी उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान बहनों ने भाइयों की कलाई पर प्रेम और विश्वास के प्रतीक के रूप में राखी बांधी। इस वर्ष राखी उत्सव के लिए विद्यालय में एक विशेष सेल्फी जोन तैयार किया गया था, जो की आकर्षण का केंद्र रहा। जिसमें बच्चों ने उत्साह के साथ तस्वीरें ली। कार्यक्रम में बच्चों और उनके अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर विद्यालय के मैनेजर रेव्ह. फादर जॉर्ज कवालम और प्राचार्य रेव्ह. फादर थैनीस राज ने सभी को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का विशेष सहयोग रहा।

शिशु संस्कार केंद्र के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय विरासत प्रश्नोत्तरी में लहराया परचम

महासमुंद। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित भारतीय सांस्कृतिक निधि (इंटैक) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय विरासत प्रश्नोत्तरी में शिशु संस्कार केंद्र के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इस शानदार उपलब्धि के साथ ही विद्यार्थियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हो गया है। विद्यार्थियों की इस ऐतिहासिक सफलता पर विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रबंधक मनोहर मोहंती एवं प्राचार्य सरला सोनी सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने विजेता प्रतिभागियों व उनके मार्गदर्शक शिक्षक डीपी साहू को बधाई दी।

आयोजन: झालखम्हरिया में दो दिवसीय स्वास्थ्य शिविर प्रारंभ

ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच एवं आवश्यक नमूना संग्रह जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार ग्राम झालखम्हरिया में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आज दो दिवसीय विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव के मार्गदर्शन में ग्राम झालखम्हरिया में दो दिवसीय स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच एवं आवश्यक जांच हेतु नमूना संग्रह की कार्यवाही की जा रही है। स्वास्थ्य शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत भवन झालखम्हरिया में किया गया है। शिविर में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा ग्राम के लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं जांच के दौरान आवश्यकता के अनुसार विभिन्न स्वास्थ्य जांचों के लिए नमूने एकत्र किए जा रहे हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर आवश्यकतानुसार मरीजों को उचित उपचार एवं उच्च स्वास्थ्य संस्थानों में आगे की जांच एवं उपचार के लिए रेफर किया जाएगा।

इसी क्रम में स्वास्थ्य टीम द्वारा ग्राम झालखम्हरिया का भ्रमण कर स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण किया गया। टीम द्वारा शिविर में उपस्थित ग्रामीणों एवं मरीजों से मुलाकात कर उनकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जानकारी ली तथा चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीएमएचओ ने ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने तथा किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर तत्काल स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं अथवा नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करने की समझाइश दी। भ्रमण एवं शिविर के दौरान जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वीपी सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक नीलू धृतलहरे, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास चंद्राकर, सीपीएम राहुल ठाकुर, बीपीएम सुरेंद्र चंद्राकर सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर के आयोजन में ग्राम के सरपंच अनेश्वरी चंद्राकर एवं पंचायत प्रतिनिधियों का भी सहयोग प्राप्त हो रहा है। ग्रामीणों को उनके गांव में ही आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पीएम जनमन वाहन को भी झालखम्हरिया में तैनात किया गया है। इसके माध्यम से ग्रामीणों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं एवं जांच संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्रामीणों से अपील की गई है कि वे स्वास्थ्य शिविर में पहुंचकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण अवश्य कराएं तथा चिकित्सकों द्वारा दी जा रही सलाह एवं आवश्यक जांच में सहयोग करें।

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ का प्रांतीय महिला सम्मेलन एवं सम्मान समारोह 19 से

प्रांतीय सम्मेलन में जुटेंगे प्रांतभर के पदाधिकारी, तैयारियां जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ प्रांतीय इकाई द्वारा 19 एवं 20 सितंबर को महासमुंद में महिला शिक्षक सम्मेलन सह सम्मान समारोह का आयोजन प्रमुख संगठन मंत्री (छग) ओंकार सिंह ठाकुर, प्रांताध्यक्ष संजय ठाकुर, कार्यकारी प्रांताध्यक्ष उमेश भारती गोस्वामी, महामंत्री मनोज राय एवं कोषाध्यक्ष गयाराम राजवाड़े के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। कार्यक्रम संयोजक एवं उप प्रांताध्यक्ष टेकराम सेन ने बताया कि दो दिवसीय इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में प्रदेश के सभी जिलों से 20-20 महिला शिक्षकों को आमंत्रित किया जा रहा है एवं प्रदेश के सभी पदाधिकारी, सभी जिलाध्यक्ष एवं पदाधिकारी गण उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनायेंगे। टेकराम ने बताया कि इस अवसर पर महासमुंद जिला के सेवानिवृत्ति शिक्षकों, राज्यपाल, राष्ट्रपति एवं विशेष उपलब्धि प्राप्त शिक्षकों को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। साथ ही महिला शिक्षक सम्मेलन में सभी जिलों से एक एक महिला शिक्षक एवं प्रांतीय पदाधिकारियों को भी सम्मानित किया जाएगा। 19 एवं 20 सितंबर को आयोजित इस गरिमामय समारोह का शुभारंभ 19 सितंबर शाम 5 बजे से होगा। उद्घाटन सत्र पश्चात सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन होगा। 20 सितंबर को प्रातः 5 बजे से योग प्राणायाम सत्र से पुनः कार्यक्रम प्रारंभ होगा।

विभिन्न सत्रों के साथ महासमुंद जिला एवं ब्लाक पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण सम्मान समारोह एवं समापन सत्र के साथ कार्यक्रम संपन्न होगा। कार्यक्रम की गरिमा एवं भव्यता हेतु महासमुंद जिला प्रमुख संगठन मंत्री एवं सह संयोजक भागवत जगत भूमिल यू.के. दास जिलाध्यक्ष अनिल पटेल सचिव, जयराम पटेल, कोषाध्यक्ष नारायण प्रसाद नायक सहित सभी जिला पदाधिकारी, किशोर कुमार रथ ब्लाक अध्यक्ष सरायपाली, सरिता दानी बसना, मनोज कुमार राणा पिथौरा, लता वैष्णव महासमुंद अभिमन्यु गायकवाड़ बागबाहरा सहित समस्त पदाधिकारियों की आवश्यक बैठक पिथौरा में आयोजित की गई। प्रमुख संगठन मंत्री महासमुंद भागवत जगत भूमिल ने बताया कि अंतिम रुपरेखा व जिम्मेदारियों हेतु 6 सितंबर को वीआरसी महासमुंद में आवश्यक बैठक आयोजित की गई है एवं सभी जिला एवं ब्लाक पदाधिकारियों की उपस्थिति अपेक्षित की गई है उक्त जानकारी देते हुये महासमुंद विखं सचिव डी. बसंत कुमार ने बताया कि उक्त कार्यक्रम की सफलता हेतु महासमुंद जिला एवं सभी ब्लाक के पदाधिकारी गण तैयारी में जुट चुके हैं।

विकासखंड स्तरीय राष्ट्रीय विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद (संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार) एवं राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, रायपुर के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद के आदेशानुसार विकासखंड पिथौरा में विकासखंड स्तरीय राष्ट्रीय विज्ञान संगोष्ठी 2026 का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष संगोष्ठी का मुख्य विषय है-भारतीय ऊर्जा परिदृश्य 2047: संभावना एवं चुनौतियां। वहीं इसका उद्देश्य कक्षा 8वीं से 10वीं तक के विद्यार्थियों में वैज्ञानिक जिज्ञासा एवं विश्लेषणात्मक चिंतन विकसित करना है। इसके लिए कक्षा 8, 9, 10 के छात्र-छात्राएं (भाषा - हिंदी, अंग्रेजी या कोई मान्य भारतीय भाषा) पात्र होंगे। आयोजन विकासखंड स्तर 01 सितंबर मंगलवार शाउमावि गड़बेड़ा पिथौरा में होगा। जिला स्तर पर 8 सितंबर मंगलवार शाउमावि बेलसोंडा, जोन स्तर पर 17 सितंबर गुरुवार, राज्य स्तर 21 से 24 सितंबर 2026 को आयोजन होगा। वहीं राष्ट्रीय स्तर पर आयोजन 30 अक्टूबर 2026 को राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र, नई दिल्ली में होगा।

प्रतिभागियों को 6 मिनट की प्रस्तुति देनी होगी, इसके बाद प्रश्नोत्तरी होगी। मूल्यांकन 100 अंकों पर होगा, जिसके तहत वैज्ञानिक तथ्य (40), वाक प्रवाह (25), प्रश्नोत्तर (20), प्रस्तुति में नवीनता (15) होंगे। समस्त शा स की य / अ शा स की य विद्यालयों के प्राचार्यों से आग्रह किया गया है विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करेंगे। उक्त जानकारी विवेक वर्मा विकासखंड नोडल पिथौरा ने दी है।

नवाखाई पर स्थानीय अवकाश अब 15 सितंबर को

महासमुंद। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी विनय कुमार लंगेह ने सामान्य पुस्तक परिपत्र भाग-दो, अनुक्रमांक-चार के नियम-आठ के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कैलेंडर वर्ष 2026 के लिए घोषित स्थानीय अवकाश की तिथि में संशोधन किया है। पूर्व में जारी आदेश में नवाखाई के अवसर पर 18 सितंबर 2026 को स्थानीय अवकाश घोषित किया गया था। उक्त स्थानीय अवकाश की तिथि को परिवर्तित करते हुए अब नवाखाई (नुआखाई) ऋषि पंचमी के अवसर पर मंगलवार 15 सितंबर 2026 को स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। यह स्थानीय अवकाश जिला महासमुंद के समस्त शासकीय कार्यालयों एवं संस्थाओं के लिए लागू होगा। उक्त स्थानीय अवकाश बैंक, कोषालय एवं उप कोषालय के लिए लागू नहीं होगा।

ईस्ट जोन क्रिकेट टूर्नामेंट में वेडनर के दो छात्रों ने जीता गोल्ड मेडल भुवनेश्वर में लहराया परचम

महासमुंद। वेडनर मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल के दो होनहार छात्रों ने जिले का नाम रोशन किया है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा भुवनेश्वर में आयोजित ईस्ट जोन क्लस्टर क्रिकेट प्रतियोगिता में स्कूल के कक्षा 8वीं के छात्र लक्ष्य चंद्राकर एवं अनुराग वर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीता। इस प्रतियोगिता में पश्चिम बंगाल, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और असम सहित चार राज्यों के लगभग 1000 खिलाड़ियों ने अंडर-14 बालक वर्ग में भाग लिया था, जिसमें हमारे स्कूल के छात्रों ने यह उपलब्धि हासिल की।

विधायक पुरंदर की पहल पर नुआखाई पर अवकाश घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

■ कलेक्टर ने 15 सितंबर मंगलवार को नुआखाई ऋषि पंचमी पर्व पर अवकाश की घोषणा की

रायपुर उत्तर विधानसभा के विधायक पुरंदर मिश्रा ने महासमुंद जिला कलेक्टर विनय लंगेह को पत्र लिख कर नुआखाई पर्व पर अवकाश घोषित करने की मांग की। पुरंदर मिश्रा ने बताया कि महासमुंद जिला अंतर्गत उत्कल बहुल लोगों की अधिकता है जो नुआखाई पर्व पारंपरिक रीति रिवाज एवं सामाजिक परंपरा के अनुरूप बड़े ही हर्षोल्लास के साथ पूरे परिवारजनों के साथ एकजुट होकर मनाते है। पुरंदर मिश्रा ने कलेक्टर महासमुंद से दूरभाष के माध्यम से बताया कि इस वर्ष 15 सितंबर को नुआखाई मनाया जाना प्रस्तावित हुआ है। नुआखाई पर्व क्षेत्र की सामाजिक और सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ा पर्व है। इस पर्व में क्षेत्र के लोगों की व्यापक सहभागिता रहती है जिस पर कलेक्टर महासमुंद ने तत्काल 15 सितंबर मंगलवार को नुआखाई ऋषि पंचमी पर्व पर अवकाश की घोषणा की। अवकाश की घोषणा पर पिथौरा उत्कल समाज के अध्यक्ष यूके दास, संरक्षक पीसी त्रिपाठी, प्याले लाल मिश्रा, पीसी सामंतराय, राधेश्याम पांडे, रामचंद्र मिश्रा, अरुण कुमार देवता, नवीन पंडा, महिला मंच अध्यक्ष शोभा त्रिपाठी, नीना दास, पुष्पा दास, सुषमा पुरोहित, गीता महापात्र, जयंती देवता, जयंत महापात्र, शंभू शंकर मिश्रा, नित्यानंद पंडा, राजेंद्र नंदे, योगेंद्र पंडा, मिनीकेतन दास, राजेंद्र पुरोहित सहित उत्कल समाज व उड़िया भाषी समाजजनों ने विधायक पुरंदर मिश्रा सहित शासन-प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष रूपकुमारी चौधरी का स्वागत

झलप। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर आसीन होने के बाद प्रथम झलप आगमन पर रूपकुमारी चौधरी का भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत किया, जिसमें प्रमुख रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता रूपलाल पटेल, शिव सिन्हा, धरम साहू, गोलू चंद्राकर, राकेश साहू, खेमराज बघेल, गब्बर साहू, धनेश सिन्हा, डोमन यादव, यादराम पटेल, चैतूराम, छबिंद्र पटेल, रूपधर पटेल, भोजराम ध्रुव, संतोष पंडा, कृपाराम, द्वारका सेन, ताराचंद पटेल, दुकाला साहू के साथ भाजपा के सभी मोर्चा के अध्यक्ष और सदस्य उपस्थित थे।

10 लाख बच्चों का भविष्य दांव पर, भाजपा सरकार ने छीनी आंगनबाड़ी की पढ़ाई : विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रदेश के करीब 52 हजार आंगनबाड़ी केंद्र प्री-स्कूल किट से वंचित हो गए हैं और 10 लाख मासूम बच्चों की खेल-खेल में पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है। जिस उम्र में बच्चों को आकार, रंग, अक्षर ज्ञान, गिनती और वस्तुओं की पहचान सिखाई जानी चाहिए, उस उम्र में सरकार ने उनके हाथ से खिलौने और शिक्षण सामग्री ही छीन ली है। इस संबंध में वक्तव्य जारी करते हुए पूर्व संसदीय सचिव छत्तीसगढ़ शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने कहा है कि यह केवल बजट अटकने का मामला नहीं है, बल्कि भाजपा सरकार की प्राथमिकता में गरीब का बच्चा नहीं है, यह इस बात का प्रमाण है। प्री-स्कूल किट की खरीदी के लिए सामान्यतः अप्रैल-मई में टेंडर होता है और जुलाई में नए सत्र के साथ किट केंद्रों तक पहुंच जाती है, लेकिन इस बार अगस्त खत्म होने को है और अब तक बजट ही जारी नहीं हुआ है, टेंडर तो दूर की बात है। एक किट में पजल, बिल्डिंग ब्लॉक, गुड़िया, जानवरों के मुखौटे, किचन सेट, वुडन बोर्ड सहित 19 प्रकार की सामग्री होती है जिसकी औसत कीमत मात्र 2000 से 2500 रुपये है। सरकार के पास 52 हजार केंद्रों के लिए इतनी छोटी राशि भी नहीं है, यह प्रदेश के लिए दुर्भाग्यजनक है।

चंद्राकर ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में 3 से 6 साल के बच्चों को पोषण के साथ-साथ स्कूल के लिए तैयार किया जाता है। काउंटिंग फ्रेम से गिनती, क्रेयॉन से रंग भरना और खिलौनों से फल-सब्जियों की पहचान जैसी बुनियादी गतिविधियां इसी किट से होती हैं। जब किट ही नहीं मिलेगी तो कार्यकर्ता आखिर कैसे पढ़ाएंगी।

पिछले साल की टूटी-फूटी सामग्री से काम चलाने को मजबूर करना बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने मांग की है कि सरकार तत्काल बजट जारी कर युद्धस्तर पर किट की खरीदी और वितरण सुनिश्चित करे और बताए कि आखिर इतने महीनों तक फाइल क्यों अटकी रही, इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई हो।

राष्ट्रीय खेल दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

होली फेथ स्कूल में रोचक एवं मनोरंजक खेलों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर द न्यू होली फेथ स्कूल में 29 अगस्त को विद्यार्थियों के लिए विभिन्न रोचक एवं मनोरंजक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हॉकी के महान खिलाड़ी एवं हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं श्रद्धासुमन अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष महेंद्र जैन, प्राचार्य शर्वरी सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था के अध्यक्ष महेंद्र जैन ने कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस हमें खेलों के प्रति जागरूक होने तथा स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने विद्यार्थियों को खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने और खेल भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय खेल दिवस महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद जी की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। मेजर ध्यानचंद ने हॉकी के क्षेत्र में अपने अद्भुत प्रदर्शन से देश का नाम विश्वभर में रोशन किया और उन्हें "हॉकी का जादूगर" कहा जाता है। प्राचार्य शर्वरी ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए विजेता बच्चों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक विकास के साथ-साथ अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं टीम भावना का विकास करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

विद्यालय में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आउटडोर खेल प्रतियोगिताओं में स्पून रेस, कोण बैलेंसिंग, रस्साकशी, खो - खो सहित विभिन्न मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में कक्षा पहली के वैष्णवी, केशिका, गीतांशु एवं लव्या तथा कक्षा दूसरी के ख्याति साहू, शिवांशी, तन्मय चंद्राकर एवं विकास ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कक्षा तीसरी से युक्ति, प्राची, ओम चंद्राकर एवं आकाश दुबे ने प्रतियोगिताओं में सहभागिता की। खो-खो बालक वर्ग में ब्लू हाउस विजेता तथा ग्रीन हाउस रनर-अप रहा।

खेल आयोजन को सफल बनाने में खेल प्रभारी जगदीश धीवर, वसुंधरा, प्रियंका साडंगी, आरती झा एवं लवीना चंद्राकर का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम की वीडियोग्राफी में जयेश जैन ने सहयोग किया। वहीं प्रीतपाल, आयुष अग्रवाल एवं योगेंद्र देवांगन सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं के सहयोग से राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन सफलतापूर्वक हुआ।